हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री


12 लक्ष्यों से पीछे रहने वाले बैंकों से उपायूक्त ने मांगा जवाब





12 लॉन टेनिस टूर्नामेंट में प्रिंस ने सचिन को 8-5 से हराया




## खबर संक्षेप

### हांसी को जिला बनाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**हांसी।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधायक विनोद भ्याना ने हांसी को प्रदेश का 23 वां जिला घोषित किए जाने पर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सदन में कहा कि हांसी को जिला बनाया जाना क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और स्वर्णिम अध्याय है, और क्षेत्र के लोगों वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि भाजपा की सरकार जन भावनाओं को समझने वाली और आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतरने वाली सरकार है।

### पुलिस पर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने ड्यूटी में बाधा डालने व पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को अदालत में पेश कर दिया गया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई मेहनपाल ने बताया कि 16 दिसंबर को बरवाला थाना की पुलिस टीम एक मामले की जांच के सिलसिले में वार्ड नंबर 08 बरवाला पहुंची थी। पूर्व में दिए गए नोटिसों की अवहेलना करने पर आरोपी संतरेस पत्नी राजपाल को मुकदमे में शामिल जांच के लिए हिरासत में लिया जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों राजपाल, वंच, भावना व संतरेस ने एकदम पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

### 38 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम की टीम ने 2 दिन में कैमरी रोड सेक्टर 27-28, सेक्टर 9-11, कैंट, सातरोड, सुन्दर नगर, सेक्टर 14 क्षेत्र से 38 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ एएसआई संदीप कुमार सहित पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### नेत्र जांच शिविर में 228 मरीजों की आंखों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब, हांसी द्वारा गुरुवार को लायन सेवा सदन सत्यपाल बंसल खाण्डेवाले के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में पूर्व जनपद अध्यक्ष लायन राजीव अग्रवाल एवं वनिता अग्रवाल दिल्ली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। तथा वैन्यू आई अस्पताल दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की गई। शिविर में 228 रोगियों की जांच की गई। इस अवसर पर सत्यपाल बंसल खाण्डेवाले, पुष्पा बंसल, बलवंत खाण्डेवाले, राजेन्द्र गर्ग, गोबिन्द गोयल, लायन प्रधान संजय बंसल, सुरेश बंसल आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर को लोगों ने सुनाया दुखड़ा

# निगम ने वार्डों में गलियों को खोद कर छोड़ा, लोगों को आवागमन में परेशानी

- बोले, यदि कार्य में और देरी हुई तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी
- जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार



हिसार। लोगों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम के वार्डों में कई रिहायशी इलाकों में नगर निगम ने गलियों को खोदकर छोड़ दिया है और वहां पर लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य नहीं हो रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों आवागमन में भारी दिक्कत आ रही है। शहर में दर्जनों गलियां ऐसी हैं, जहां पर लंबे समय से सड़क निर्माण अधर में लटका है। लोग वार्ड के पार्षदों को कोसते देखे जा सकते हैं। इतना ही नहीं मेयर प्रवीण पोपली विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने जाते हैं तो लोगों ने उन्हें भी निर्माण कार्यों में हो रही देरी का दुखड़ा सुनाते हैं। मेयर प्रवीण पोपली तारा नगर तथा श्याम विहार कॉलोनी एरिया में पहुंचे तो क्षेत्रवासियों ने निगम व ठेकेदारों की लेटलतीफी के कारण हो रही दिक्कतों को चिट्ठा उनके सामने खोल दिया। क्षेत्रवासियों की व्यथा सुनकर मेयर का पारा चढ़ गया और उन्होंने संबंधित ठेकेदार और जेई को जमकर फटकार लगाई। मेयर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगे। मेयर अधिकारियों को तुंरत कार्रवाई के निर्देश दिए। बता दें कि पिछले दिनों मेयर पोपली पटेल नगर आरयूबी के पास हरिदास कॉलोनी में निरीक्षण करने पहुंचे थे और वहां भी लोगों ने सड़क निर्माण में देरी की शिकायत की थी। मोहल्ला सैनियान में भी सड़क निर्माण की देरी की शिकायत सामने आ चुकी है। 12क्वार्टर एरिया की भी कुछ गलियों के निर्माण में हो रही के चलते लोग परेशान है। कुछ वार्डों की गलियां ऐसी है, जो निगम चुनाव के समय खोदी गई थी, जहां आज भी सड़क निर्माण का इंतजार है। इसके अतिरिक्त तारा नगर के निवासियों ने सिंचाई विभाग की जमीन पर प्रस्तावित बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। मेयर ने इस संबंध में सिंचाई विभाग के एक्सईएन आनंद श्योराण और जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू से फोन पर बात कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### सार्वजनिक शौचालय की उठाई मांग

मेयर प्रवीण पोपली निरीक्षण के दौरान शुरुआत सेक्टर 9-11 स्थित कमर्शियल पॉकेट पहुंचे। उनके साथ पार्षद डॉ. सुमन यादव सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने कमर्शियल पॉकेट में सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता बताई। इस पर मेयर ने मौके पर मौजूद जेई संदीप काजल को निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों के भीतर इसकी फिजिबिलिटी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि शीघ्र निर्माण की दिशा में कदम उठाए जा सकें।

### मेयर ने विकास एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों का लिया जायजा

शहर में चल रहे विकास एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मेयर प्रवीण पोपली तारा नगर और श्याम विहार में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां पार्षद संजय डालमिया, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, जेई ऋत्विक, जेई राजेश्वर शर्मा, एएसआई सन्नी सहित अनेक स्थानीय निवासी मौजूद थे। क्षेत्रवासियों ने मेयर को अवगत कराया कि कॉलोनियों में गलियों को खोद दिया गया है, लेकिन लंबे समय से निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने संबंधित ठेकेदार और जेई को कड़ी फटकार लगाई और तुरंत प्रभाव से निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में और देरी हुई तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने स्ट्रीट लाइटों के खराब होने और कचरा उठाने वाली गाड़ी के नियमित न आने की समस्या भी उठाई। इस पर मेयर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



हांसी। संयुक्त कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण करते एसडीएम राजेश खोथ।

# संयुक्त कार्यालय परिसर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

- स्वच्छता कर्मचारियों व नागरिकों के लिए बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, विभिन्न विभागों के कार्यालयों की कार्यप्रणाली तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया।

एसडीएम खोथ ने सबसे पहले साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से साफ सफाई करवाते रहें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि यहां आने वाले नागरिकों के लिए भी आवश्यक है।

### हाजिरी रजिस्टर चेक किए

निरीक्षण के दौरान एसडीएम खोथ ने कार्यालयों में जाकर हाजिरी रजिस्टर चेक किए तथा निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय समय में अनुपस्थिति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ग्लोबल स्पेस में मकान से हुई चोरी

**हिसार।** ग्लोबल स्पेस मैनेजमेंट में चोरी की घटनाएं बढ़ने से क्षेत्रवासियों में बिल्डर के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। हाल ही में रात्रि के समय यहां के मकान नंबर 525 में चोरी की घटना हुई। इस मकान से करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान चोरी हो गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा चोरी वारदात की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में इन घटनाओं को लेकर रोष पैदा हो गया। इस संबंध में ग्लोबल कार्यालय में रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रधान जयभगवान बडाला की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के बाद सोसायटी के प्रधान बडाला और सचिव नरेश सैनी ने बताया कि ग्लोबल स्पेस में सुरक्षा की जिम्मेवारी बिल्डर की है। बिल्डर की ओर से सिक्योरिटी लगाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चोरी की घटना बिल्डर के लापरवाहीपूर्ण क्रियाकलाप को दर्शाता है। इसलिए यहां इस चोरी की सारी जिम्मेवारी बिल्डर की बनती है।

# युवाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए हुआ कार्यक्रम

- छात्राओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्रा छात्रावासों में प्रॉक्टर एंड गैंबल कंपनी की ओर से यूथ एंगेजमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को निशुल्क गार्ड रेजर एवं छात्राओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए। साथ ही, इन उत्पादों के सही उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ्य से जुड़े आवश्यक पहलुओं पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 3800 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



हिसार। यूथ एंगेजमेंट प्रोग्राम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं विद्यार्थी।


### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, प्रॉक्टर प्रो. अनिल भानखड़, चीफ वार्डन (बॉयज) प्रो. संजीव खांबरा, चीफ वार्डन (गर्ल्स) प्रो. सुजाता सांघी, डा. विनीता माथुर, डा. अनीता गिल तथा डा. अंजू गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त छात्र एवं छात्रा छात्रावासों के सभी वार्डन एवं कार्यक्रम समन्वयक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# दो दुकानों सहित विधायक के भाई के घर पर जड़े ताले

- घटना को व्यापारियों ने जताई नाराजगी, पुलिस ने मौके पर पहुंच खुलवाए दुकानों पर लगे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी



हांसी। दुकान पर लोहे की चैन के साथ लगाए गए ताले व चैन। फोटो : हरिभूमि

श्याम बाबा मंदिर रोड़ पर गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फ़ैल गई जब मार्केट में स्थित ज्योति कृषि भंडार सहित नरेंद्र भयाना की दुकान व उनके आवास पर मोटी लोहे की चैन के साथ ताले जड़े मिले। सुबह दुकानदार जब अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि उनकी दुकान पर लोहे की चैन के साथ अलग ताले लगे हुए हैं जिसको लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में रोष फैल गया। वहीं दुकानों पर ताले लगाने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। दुकान मालिकों की सूचना पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानों पर अवैध रूप से लगाए गए ताले खुलवाए और जब मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो सीसीटीवी फुटेज में जमावड़ी गांव निवासी संजय यादव दुकानों पर ताले लगाते हुए साफ दिखाई दिया।

### आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

घटना के बाद हांसी व्यापार मंडल के प्रधान प्रवीन तायल, हांसी खाद बीज संगठन के प्रधान मुकेश और ज्योति कृषि भंडार के मालिक नमन मित्तल ने शहर थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। वहीं व्यापारिक संगठनों ने इस तरह की घटना पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### प्लॉट को लेकर विवाद

पुलिस जांच में सामने आया कि यह वारदात प्लॉट को लेकर चल रहे विवाद के कारण की गई थी। संजय यादव का ज्योति कृषि भंडार के मालिक के साथ कुंदनापुर रोड पर लगभग 750 गज के एक प्लॉट को लेकर लेनदेन को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। और इसी विवाद के चलते संजय यादव ने गुरुवार अल सुबह कथित तौर पर ज्योति कृषि भंडार के अलावा हांसी विधायक विनोद भयाना के भाई नरेंद्र भयाना के घर और दुकान पर भी ताले जड़ दिए।

### दुकानदारों की शिकायत मिली : रामपाल

वहीं इस संदर्भ में विधायक विनोद भयाना के भाई नरेंद्र भयाना से संपर्क करने का प्रयास किया तो शहर से बाहर होने के चलते संपर्क नहीं हो सका। वहीं इस संदर्भ में जब पुलिस जांच अधिकारी रामपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दुकानदारों की शिकायत मिल गई है और सीसीटीवी फुटेज सहित सभी तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरे पक्ष के लोग भी शहर थाना पहुंचकर अपना पक्ष रख रहे हैं।

**आयोजन** जय श्री श्याम मंडल के श्री श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन कल

# शहरवासियों को श्याम बाबा के रंग में रंगने के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार



हिसार। महोत्सव के कार्यक्रम की जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जय श्री श्याम मंडल, हिसार एक बार फिर शहरवासियों को श्याम बाबा के रंग में रंगने के लिए तैयार है। मंडल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्याम वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल व संजय मित्तल अपनी मधुर आवाज में श्याम बाबा के भजनों की छटा बिखेरेंगे।

कार्यक्रम में श्री सालासर बालाजी धाम के महाराजश्री पंकज पुजारी व श्री निधिवन राज मंदिर, श्रीधाम वृन्दावन एवं श्री अंग सेवी श्री बांके बिहारीजी के मुख्य पुजारी मोहित गोस्वामी भी भक्तों को अपना पावन आशीर्वाद देने पहुंच रहे है। यह भव्य आयोजन शनिवार, 20 दिसंबर को शहर के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में दोपहर 12:15 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन भक्ति, संगीत और सेवा भाव का अनुपम संगम होगा। इस संबंध में गुरुवार को प्रेस वार्ता में श्री श्याम मंदिर सेवा सोसायटी के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी, महासचिव संजय मंगल, वरिष्ठ उप प्रधान कपिल जिंदल, कोषाध्यक्ष गोविंद असीजा, उप प्रधान अरुण जिंदल, सह-कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंगल, उप प्रधान राजेश शर्मा, राधेश्याम, सचिन गोयल, अमित सिंगल, पुनीत बंसल, नवीन गोयल तथा हुक्मराम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### खास बातें

- श्री सालासर बालाजी धाम के महाराजश्री पंकज पुजारी देंगे आशीर्वाद
- कार्यक्रम में भक्ति, संगीत और सेवा भाव का होगा संगम

### ये होंगे मौजूद

पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, पूर्व मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली तथा पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, समाजसेवी प्रमोद जैन व अनन्य मित्तल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 13.39 लाख रुपये की साइबर ठगी

एक आरोपी गिरफ्तार, एक लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम/ऑनलाइन टास्क के नाम पर की गई बड़ी साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 13.39 लाख की ठगी हुई थी। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सौरभ ने बताया कि इस वर्ष 15 सितंबर 2023 को एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 5 अगस्त 2023 को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें इंस्टाग्राम पेज लाइक व फॉलो करने के बदले पैसे कमाने का लालच दिया गया।

प्रारंभ में छोटे-छोटे टास्क पूरे करवाकर विश्वास में लिया गया तथा कुछ रकम वापस भी की गई। इसके पश्चात क्रिप्टो करेंसी में निवेश, ग्रुप टास्क, राशि फ्रीज होना, अनफ्रीज कराने के नाम पर बार-बार निवेश, क्रेडिट स्कोर बढ़ाने और टीडीएस जमा कराने जैसे बहानों से अलग-अलग बैंक खातों व यूपीआई आईडी के माध्यम से शिकायतकर्ता से कुल 13 लाख 39 हजार 102 रुपये की ठगी की गई।

जब शिकायतकर्ता को ठगी का आभास हुआ तो उसने 1930 हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर साइबर थाना ने जांच शुरू की।

### साइबर ठगों से लेता था कमीशन

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण व साक्ष्यों के आधार पर पंजाब के फाजिल्का निवासी साहिल को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मुख्य साइबर ठगों को कमीशन के आधार पर बैंक खाता उपलब्ध करवाया था। इसके माध्यम से ठगी की राशि का लेन-देन किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपये भी बरामद किए हैं। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# एसपी की खरी-खरी, नशा बिकता मिला तो थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज दोनों नपेंगे

## नशा तस्करों व सजायाफ्ता अपराधियों की प्रॉपर्टी अटैच करें : सहारण




सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी दीपक सहारण तथा प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पुलिस कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी थाना या पुलिस चौकी के इलाके में नशा बिकेगा या उसके इलाके में किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात हुई तो थाना प्रभारी के साथ संबंधित बीट इंचार्ज भी नपेगा। उन्होंने कहा कि जिले में नशे की डिमांड को खत्म करना पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आमजन का सहयोग लेकर नशा तस्करों को जड़ मूल से खत्म करने का संकल्प लें। एसपी दीपक सहारण गुरुवार को सिरसा में पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद थाना प्रभारियों से कहा कि विभिन्न आपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संपति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए।

### सीएम विंडो की शिकायतों का तुरंत समाधान करें

एसपी ने थाना प्रभारी, जांच अधिकारियों तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों से कहा कि पीएम विंडो,सीएम विंडो व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजे तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीडित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित समझें। उन्होंने कहा कि जिला सिरसा की सीमाओं के साथ राजस्थान व पंजाब राज्य की सीमाएं लगती है इसलिए बोर्डर एरिया पर स्थापित किए गए नियमित नाकों के अलावा अन्य मार्गो पर भी औचक नाकाबंदी कर आने जाने वाले लोगों तथा वाहनों की बारीकी से चेकिंग करें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि थाने के रिकॉर्ड को पूरी तरह कंप्यूटरीकृत एवं अपडेट रखें तथा उच्च अधिकारियों द्वारा मांगे गए जबाव सही समय पर भेजना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने थाने के साइबर हेल्प डेस्क तथा महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा,किसी कोताही को सहन नहीं करेंगे।

### स्पेशल जुवेनाइल के तहत बच्चों से जुड़े कानूनों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

■ पोक्सो, जेजे एक्ट व बाल संरक्षण कानूनों को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिरसा।** स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट के तहत वीरवार को स्थानीय जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों से जुड़े कानूनों, उनके अधिकारों तथा संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस (जेजे) एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, गोद लेने की प्रक्रिया, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने में पुलिस, प्रशासन और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चलाई जा रही निशुल्क कानूनी सहायता योजना के बारे में भी जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसे रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर जानकारी दी। वहीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर ने अडोप्शन, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर स्कीम के तहत बच्चों के पुनर्वास और संरक्षण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में अधिवक्ता बलबीर कौर गांधी ने पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के संरक्षण संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। अधिवक्ता हिमांशु मेहता ने जेजे एक्ट के अंतर्गत संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों से जुड़े प्रावधानों को विस्तार से समझाया। अधिवक्ता केएस गिल ने निशुल्क कानूनी सहायता के अधिकार और उसकी प्रक्रिया के बारे में बताया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन डॉ. मदन लाल, जिले के सभी थानों से थाना प्रभारी, स्पैशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट के सदस्य, बाल कल्याण समिति के अन्य सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से संतोष बैनीवाल, काउंसलर कविता शर्मा, प्रदीप कुमार और पैनल एडवोकेट दविंद्र कौर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सिरसा। बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# कर्मचारियों की पेंशन हो आयकर मुक्तः सैनी

■ कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की पेंशनर डे पर बैठक हुई। प्रदेश उप प्रधान गुरदीप सिंह सैनी, जिला प्रधान राजेंद्र मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा की मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। पेंशनर डे के अवसर पर 80 वर्ष से ऊपर के सेवानिवृत्ति पांच कर्मचारियों विजय पाल सिंह सैनी, रामजी लाल सिंगाठिया, जगदीश सुरी, सुदर्शन गुप्ता, घनश्याम दास शर्मा को पेंशनर समाज की तरफ से शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ. मदन लाल, बलवंत सिंह रिटायर्ड हेडमास्टर, गुरमीत कौर को विशेष तौर पर स्मृति चिह्न देखकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. मदन लाल ने बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप स्कीम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि हम किस प्रकार विद्यार्थियों को लाभ पहुंचा सकते हैं। गुरमीत कौर ने मेडिटेशन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उन्होंने मेडिटेशन की विधि के बारे में बताया। इस अवसर पर रमेश पुरी, श्रीराम निरणियां, जगमिंद्र सिंह, केवल कृष्ण सोनी, आरसी लिंबा, नेक चंद, प्रमोद मोहन गुप्ता, अतुल्य जोशी, सीताराम खत्री, बलवंत सिंह, रामेश्वर लाल, बाज सिंह, रघुबीर सिंगला, मंगत राम, कुलवंत सिंह, इकबाल सिंह, गुरजंट सिंह आदि मौजूद थे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एलटीसी का लाभ दिया जाए

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के सदस्यों ने मांग उठाई कि पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष आयु उपरांत 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए, मेडिकल भत्ता 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया जाये। फेमिली पेंशनर्स को भी एलटीसी का लाभ दिया जाए। कोरोना काल का रोका गया 18 महीने का बकाया ब्याज सहित दिया जाए। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत लागू की जाए। 8वें पे कमीशन में परिवार की परिभाषा में सदस्यों की संख्या तीन के बजाय माता-पिता को शामिल कर 5 सदस्य मानी जाए। सरकारी कर्मचारियों की पेंशन को आयकर से मुक्त किया जाए। कॉम्यूटेशन की राशि 15 वर्ष की बजाय 11 वर्ष में काटी जाए।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया गया। शिविर में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार, पूनम लोहान, सुरेश गिरी के साथ-साथ तीनों यूनिट्स के स्वयंसेवक मौजूद थे। कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गिरी ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एनएसएस लोगो, एनएसएस मोटो सहित अनेक प्रकार की चित्रकारी चार्ट पर उकेरी। शिविर के अंत में स्वयंसेवकों को जलपान करवाया गया।

### भजन संध्या से होगा नववर्ष का स्वागत

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम धाम मंदिर में नववर्ष 2026 का आगाज धार्मिक आयोजन से होगा। इस अवसर पर संस्था की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही है। रानियां रोड स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में एक जनवरी की शाम 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सुबह आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। भजन संध्या में कोलकाता से पधारे शिवम पंसारी अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृतवर्षा कर भक्तों को रिझाएंगे। मंदिर के प्रवक्ता दिपेश गोयल ने बताया कि इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का भव्य सिंगार होगा, भव्य आरती होगी।

# एथलेटिक्स में गोल्ड जीतने पर सतपाल का स्वागत

■ राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में कार्यरत गणित अध्यापक सतपाल सिंह ने 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में जीते स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। पदक विजेता अध्यापक सतपाल का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में कार्यरत गणित अध्यापक सतपाल सिंह ने 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित की गई। सतपाल सिंह ने डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक, जबकि शॉट पुट में रजत पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सचदेवा, प्रधानाचार्य सतबीर एवं प्रधानाचार्य रमेश कुमार द्वारा सतपाल सिंह को पदक एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य डीपीई पृथ्वी सिंह, विजय भार्गव, रविंद्र सिंह, मोहन लाल, सुलेन्द्र, सलीम, प्रहलाद माहिया, प्रहलादराय, सुनीता, शारदा, मनीष, राजेश आदि मौजूद रहे।

# यूथ कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

■ कांग्रेसी बोले, बदले की भावना से काम कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

यूथ कांग्रेस ने वीरवार को भाजपा कार्यालय के निकट रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा कार्यालय जाने से पहले ही रोक लिया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा सालों से बदले की राजनीति करती आई है। भाजपा ने बदले की राजनीति के चलते ही सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया, जिसमें पार्टी की जीत हुई। उन्होंने कहा कि इस केस में सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। गोविंद सिंह ने कहा कि कोर्ट ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावनापूर्ण करार दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि ईडी के पास इस मामले में न तो कोई वैध एफआईआर है और न ही क्षेत्राधिकार। ऐसे में जांच की कार्रवाई कानून के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि कोर्ट का यह फैसला भाजपा सरकार की कथित बदनीयती और गैरकानूनी कार्रवाई का खुलासा है। इस मौके पर नवदीप कंबोज, सतीश खिचड़, आनंद भांभू, भारत नेहर, पंकज खारिया, परमवीर जैन, शिवराज रानियां, मोहित, लाखी ओढ़ां, मनमोहन गोयल सहित अन्य यूथ कार्यकर्ता मौजूद थे।



सिरसा। ग्राहक मिलन समारोह में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### तनिष्क सिरसा में ग्राहक मिलन समारोह का भव्य आयोजन

■ ग्राहकों ने कहा कि यह सिर्फ एक शोरूम नहीं, परिवार है।

**सिरसा।** टाटा समूह के प्रतिष्ठित ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क ने अपने सिरसा स्थित शोरूम में ग्राहकों के लिए एक विशेष 'ग्राहक मिलन समारोह' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल एक मुलाकात तक सीमित रहा, बल्कि इसने ग्राहकों और ब्रांड के बीच के रिश्तों को एक नई मजबूती दी। आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। शोरूम का माहौल उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर था। इस मौके पर विशेष रूप से 'रिश्तों की चमक' थीम पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों के लिए तंबोला, क्विज़ और म्यूजिकल गेम्स जैसी कई मनोरंजक गतिविधियां रखी गईं, जिनका महिलाओं और बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

# घुसपैठियों को डिलीट करना ही एसआईआरः रामराजी शर्मा

■ कांग्रेस एसआईआर पर झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही : भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामराजी शर्मा ने कहा कि एसआईआर देश में पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी है, लेकिन कांग्रेस एसआईआर पर झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। रामराजी शर्मा ने जारी बयान में कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस का असली मकसद अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूचियों में बनाए रखना है, जिसे भाजपा कभी भी पूरा नहीं होने देगी। भाजपा की घुसपैठियों के लिए सख्त पॉलिसी डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट है। वही विपक्ष की पॉलिसी है घुसपैठियों को सामान्य बताकर मतदाता सूची में मान्यता देना है। शर्मा ने कहा कि अनुच्छेद 325 का प्रावधान है कि किसी भी पात्र मतदाता को मतदाता सूची से बाहर नहीं रखा जाए। अनुच्छेद 326 मताधिकार को परिभाषित करता है।

जिसकी पहली शर्त यह है कि मतदाता भारत का नागरिक होना चाहिए और विदेशी नहीं होना चाहिए। विपक्ष ने एकतरफा चार महीने से झूठ फैला रहा रखा है और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि सदन में चुनाव सुधार पर चर्चा हो गई और कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन की झूठ की पोल खुल गई। संविधान ने फ्री एंड फेयर चुनाव कराने, मतदाता सूची बनाने और मतदाता सूची में सुधार करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग को दी है। एसआईआर के सही मायने के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मृत्यु होने या दो जगह पर मतदाता होने पर नाम काटना, 18 वर्ष की आयु होने पर नाम जोडऩा और घुसपैठियों को चुन-चुन कर डिलीट करना ही एसआईआर है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने का सीधा-सीधा मतलब है घुसपैठिये पीएम और सीएम का चुनाव कर, देश को असुरक्षित न बना पाएं।

# मासूम के हत्यारों को मिले फांसी की सजाः कृष्णा फौगाट

■ महिला कांग्रेस ने बच्ची की हत्या मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कृष्णा फौगाट ने डबवाली में 4 साल की मासूम बच्ची की अपहरण के बाद हत्या किए जाने संबंधी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। फौगाट ने इस घटना को पुलिस की घोर लापरवाही व प्रशासनिक संवेदनहीनता बताया है। कृष्णा फौगाट ने जारी बयान में कहा कि परिजनों द्वारा समय पर छोटी बच्ची के अपहरण की शिकायत और वीडियो फुटेज देने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और बच्ची को तत्काल तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंनेकहा कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही व सुस्ताऊ कार्रवाई के कारण ही मासूम की जान नहीं बच सकी और उसका शव एक रजवाहे में मिला, जो सीधे तौर पर पुलिस विभाग व सिस्टम के मुंह पर तमाचा है। फौगाट ने प्रदेश के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री तथा हरियाणा पुलिस के महानिदेशक से सवाल करते हुए कहा कि आखिरकार कब तक इस प्रकार की दिल को झकझोर देने वाली घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुलिस प्रशासन उचित कार्रवाई करती तो वारदात नहीं होगी।

### राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में डीपीएस ने लहराया परचम

■ हिंदी एवं संस्कृत समूहगान में छाए विद्यार्थी

**सिरसा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी एवं संस्कृत राष्ट्रीय स्तर की समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता बीती 14 दिसंबर को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आई 10 चयनित टीमों ने भाग लिया। उत्कृष्ट सामूहिक समन्वय एवं शास्त्रीय अनुशासन के कारण विद्यालय की टीम को प्रथम पुरस्कार से अलंकृत किया गया। इसमें मुख्यातिथि सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा थे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। विद्यालय आगमन पर विजेता विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा दहिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय केवल डीपीएस सिरसा की नहीं, बल्कि सिरसा और पूरे हरियाणा की सांस्कृतिक चेतना की विजय है। इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि साधना, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर भी श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है।

संगोष्ठी | माता हरकी देवी कॉलेज में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

# प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित करने का कार्य शिक्षकों व शिक्षार्थियों का : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां




पुस्तिका का विमोचन करते अतिथि।

माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय व माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के एक महत्वपूर्ण पहलू भारतीय ज्ञान परंपरा व इसकी भविष्य संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल से प्रो. भाग चंद चौहान शामिल हुए। इस संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के शैक्षिक तकनीकी व वोकेशनल एज्युकेशन की चेयरपर्सन डॉ. अमृतपाल कौर, गुरूनानक कालेज किलियांवाली के प्राचार्य डॉ. सुरिंद्र सिंह ठाकुर व ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया से डॉ. जेडी.सिंह में बतौर संसाधन वक्ता के रूप में मौजूद थे। संगोष्ठी में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व अन्य राज्यों से 300 से अधिक शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं व शिक्षार्थियों ने अपने लेख व शोध-पत्र प्रस्तुत किए। माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता कमेटी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी इस सेमिनार में किया गया।

### शिक्षा प्रणाली पर चर्चा

मुख्यातिथि प्रो. विजय कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े व प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित करने का कार्य शिक्षकों व शिक्षार्थियों का है। विभिन्न महाविद्यालयों ने अपनी प्रेजेंटेशन में इंडियन नॉलेज सिस्टम के शिक्षा प्रणाली में महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे इंडियन नॉलेज सिस्टम के माध्यम से छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में सिखाया जा सकता है। महाविद्यालय की प्रबंध निदेशक आनंद द्वारा विभिन्न स्थानों से आए रिसोर्स पर्सन, प्रिंसिपल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### प्राचीन शनिधाम में भंडारा और तेल स्नान कल

■ मीठे गुलगुले एवं पकौड़ों का भोग लगाया जाएगा

**सिरसा।** पौष मास की अंतिम अमावस्या एवं मलमास पर प्राचीन श्री शनिधाम मंदिर में प्रसाद वितरण एवं तेल स्नान का आयोजन किया जाएगा। आगामी 20 दिसंबर को प्रातः भगवान शनिदेव की विधिवत पूजा की जाएगी और तेल स्नान प्रारंभ होगा। शनिवार प्रातः सवा सात बजे तक अमावस्या है, इसलिए सुबह के समय भगवान को प्रसाद का भोग लगाया जाएगा और प्रभु इच्छा तक प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री शनिदेव मंदिर चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव एवं चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि मलमास में दान पुण्य का विशेष महत्व है। मलमास के चलते इस बार भगवान शनिदेव जी को मीठे गुलगुले एवं पकौड़ों का भोग लगाया जाएगा। पौष मास की अंतिम अमावस्या एवं नववर्ष के आगमन के उपलक्ष्य में समस्त लोक की मंगल कामना व सुख समृद्धि के लिए भगवान शनिदेव से प्रार्थना की जाएगी। शाम को भगवान शनिदेव जी की मंगल आरती होगी। उन्होंने बताया कि शनि भक्तों के सहयोग से मंदिर का जीणोद्धार कार्य जारी है और वर्तमान में मुख्य द्वार का निर्माण चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### किसान नेताओं की रिहाई की मांग उठाई

**हिसार।** तमिलनाडु के किसान नेता पीआर पांडियन और सेल्वराज की रिहाई की मांग पर किसान संगठनों ने गुरुवार को लघु सचिवालय के समक्ष धरना दिया। किसान संगठनों ने इस मामले में महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की। भारतीय किसान यूनियन एकता, सिंधुपुर सहित अन्य किसान यूनियन ने लघु सचिवालय मे धरना देते हुए जमकर नारेबाजी की।

### नगर निगम की टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज के निर्देशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने कार्य कर रही है। जेई राजकुमार ने बताया कि गुरुवार को कृष्णा नगर व महाबीर कॉलोनी से प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया इसके साथ-साथ 12 क्वाटर रोड से भी अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा सिरसा चुंगी से बस स्टैण्ड व बस स्टैण्ड लेकर जिन्दल चौक व दिल्ली रोड तक पुल तक अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा तोशाम रोड पर अतिक्रमण हटाया गया।

### पुलिस ने जरूरतमंद छात्राओं को जर्सी भेंट की

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में हांसी पुलिस द्वारा जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। गुरुवार को शहर थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सुखजीत, पुलिस चौकी किला बाजार प्रभारी एएसआई जसबीर तथा पुलिस चौकी सिसाय पुल प्रभारी एसआई रविकांत द्वारा लाल सड़क स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जरूरतमंद छात्राओं को गर्म जर्सियां वितरित की।

### शूरसैनी जयंती पर सैनी समाज आज निकालेगा शोभायात्रा

**हिसार।** सैनी समाज की ओर से महाराजा सैनी सभा (ट्रस्ट) के तत्वाधान में महाराजा शूरसैनी जयंती से पूर्व 19 दिसम्बर को दोपहर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महावीर कॉलोनी स्थित महाराजा शूरसैनी मार्ग नजदीक द मौर्यन स्कूल से शुरू होकर राजीव नगर, शांति नगर, ठंडी सडक़, सब्जी मंडी चौक, बढ़वाली ढाणी के मुख्य मार्ग से होते हुए महावीर कॉलोनी के रामलीला चौक में यात्रा का समापन होगा। यात्रा का शुभारंभ हिसार नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी (मानी) करेंगे। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष देवेंद्र सैनी (बनारसी दास हलवाई) होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व पार्षद रेखा सैनी, मानसी सेलिब्रेशन से विक्रम सैनी सातरोड, पार्षद सुरजीत सैनी, खरड़ गांव के सरपंच रमेश सैनी, डॉ बलबीर सैनी, आर्किटेक्ट नरोत्तम सैनी गोरीवान और कपिल सैनी शिरकत करेंगे।

### 6.32 ग्राम हेरोइन सहित एक महिला गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने शहर की हनुमान कॉलोनी से एक महिला को काबू करके उससे 6.32 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि हनुमान कॉलोनी में एक महिला नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस हनुमान कॉलोनी पहुंची तो एक महिला को काबू कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम डाटा गुराना निवासी बबली बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पॉलीथिन की थैली से 6.32 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### दिव्यांग केंद्र में नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा समाजसेवी नत्थूराम जैन के सहयोग से 19 दिसंबर को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करेंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह जानकारी दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल ने दी।

## कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो नियमानुसार होगी कार्रवाई : डीसी

# लक्ष्यों से पीछे रहने वाले बैंकों से उपायुक्त ने मांगा जवाब

डीसी ने बैंक अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य पूर्ण करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक लेकर बैंकर्स को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्हें अवगत करवाया गया कि जिले के लिए कृषि, एमएसएमई, प्राथमिकता क्षेत्रों तथा एनपीएस में निर्धारित किए गए लक्ष्यों को न केवल हासिल किया गया है बल्कि कई क्षेत्रों में लक्ष्य से बढ़कर भी कार्य किया गया है। हालांकि अभी भी कई बैंक ऐसे हैं जो लक्ष्यों से शत प्रतिशत हासिल करने से पीछे रह रहे हैं। कुछ बैंकों का कृषि, एमएसएमई तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों में प्रदर्शन निराशाजनक है और ये बैंक अपने लक्ष्यों तक भी नहीं पहुंच पाए हैं। उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही इनकी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




फोटो 18 एचएसआर 20 : हिसार : डीएलआरसी की बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### इन बैंक प्रतिनिधियों से हुई जवाबतलबी

बैठक में कृषि क्षेत्र में लक्ष्यों से पीछे रहने वाले बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको, इंडसइंड, हरको तथा यूनियन बैंक के प्रतिनिधियों से जवाब मांगा गया। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में लक्ष्यों से पीछे रहने वाले एसबीआई तथा आईसीआईसीआई बैंक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में यूनियन बैंक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक तथा एसबीआई, रोजगार सृजन कार्यक्रम में कैनरा बैंक, पीएनबी, एसबीआई तथा यूनियन बैंक के प्रदर्शन पर नाराजगी जाहिर करते हुए उपायुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को कार्यप्रणाली में सुधार करने को कहा। इसी प्रकार से माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना के क्रियान्वयन में बड़ी संख्या में ऋण अस्वीकृत करने पर बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कैनरा बैंक, पीएनबी, एसबीआई तथा यूनियन बैंक को दृष्टिकोण में सुधार करने के लिए कहा गया।

### बीमित कृषकों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करें

उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि सभी बैंक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित बीमित कृषकों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति की स्थिति मे संबंधित कृषक को बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति सरलता से प्राप्त हो सके। रबी फसलों के लिए 31 दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है, इसलिए आवेदकों का एनरोलमैंट करें और यह सुनिश्चित करें की कोई मामला लंबित न रहे।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ कुमार आलोक रंजन, नाबार्ड के एजीएम राकेश राणा, पीएनबी एजीएम भूपेंद्र सैनी, हिसार एलडीएम विनोद कुमार, डिप्टी मैनेजर राजेश कुमार सहित विभिन्न सरकारी बैंकों के प्रतिनिधि तथा डीसीओज उपस्थित रहे।

### डीसी ने ली चिन्हित अपराध मामलों की मासिक समीक्षा बैठक

*हिसार। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिले में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। इसी प्रकार से जिला न्यायवादी कार्यालय चिन्हित अपराध के मामलों में कोर्ट में ठोस तरीके से पैरवी सुनिश्चित करें। वे वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में चिन्हित अपराध की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि चिन्हित अपराध के तहत जिले के सनसनीखेज मामलों का चुनाव किया जाता है। इसके अतिरिक्त कमर्शियल मात्रा के एनडीपीए मामले भी चिन्हित अपराध की श्रेणी में आते हैं। अदालत में चल रहे चिन्हित अपराध के मामलों में ठोस पैरवी के चलते दोषियों को सजा दिलवाने में सफलता मिल रही है। हाल ही में 29 मामलों में दोषियों को सजा दिलवाई गई है। फिलहाल 75 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला न्यायवादी दीपक लेघा सहित पुलिस विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*



हिसार। कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं।

## तनिष्क हिसार में पर्पल कस्टमर किटी का भव्य व सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देश के प्रतिष्ठित और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क द्वारा हिसार स्टोर पर पर्पल कस्टमर किटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों की सहभागिता देखने को मिली। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के साथ संवाद को और सशक्त बनाना तथा उन्हें तनिष्क की विशेष योजनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान आरजीए (रिवाह गोल्डन एडवांटेज) सेशन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें तनिष्क रिवाह गोल्डन एडवांटेज योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि यह योजना ग्राहकों को योजनाबद्ध बचत के माध्यम से भविष्य में आभूषण खरीदने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है, साथ ही शुद्धता, पारदर्शिता और ब्रांड पर भरोसे का लाभ भी सुनिश्चित करती है।

### सुडोकू में दिल्ली रीजन में प्रथम रही होली चाइल्ड की भावना



**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चौथी कक्षा की होनहार छात्रा भावना ने नेशनल जूनियर सुडोकू चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर–10 आयु वर्ग में दिल्ली रीजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया था। होली चाइल्ड स्कूल के अभियान 'जीरो स्क्रीनटाइम' में विद्यार्थियों को बौद्धिक खेलों जैसे शतरंज, सुडोकू, पजल आदि खेलने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि वे मोबाइल की आदत से बच सकें। इस अभियान के फलस्वरूप भावना ने सुडोकू में यह उपलब्धि अपनी तीव्र गणनात्मक क्षमता, तार्किक सोच और एकाग्रता के बल पर हासिल की। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर.एस. सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भावना को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ऐतिहासिक दस्तावेजों से रूबरू हुए विद्यार्थी

- घिराय में आयोजित दो दिवसीय दस्तावेज व छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी : कारगिल वारियर कर्ण सिंह बूरा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घिराय में क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं दुर्लभ छायाचित्रों की प्रदर्शनी का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह में जिला परियोजना समन्वयक विजेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की ऐतिहासिक प्रदर्शनी प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण जीवंत एवं प्रेरणादायक है, जो विद्यार्थियों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ऐतिहासिक दस्तावेजों व दुर्लभ छायाचित्रों का अवलोकन कर अपने ज्ञान का विस्तार किया। क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाओं एवं उनके संघर्षों की अमूल्य झलक प्रस्तुत करती है।

## सेवा भारती संस्था का वार्षिकोत्सव मनाया

- कार्यक्रम में सेवा भारती से जुड़े विद्यालयों, संस्कार केंद्रों और सिलाई केंद्रों की छात्राओं दी मनमोह प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

सेवा भारती संस्था का वार्षिकोत्सव पुराना गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सेवा भारती से जुड़े विद्यालयों, संस्कार केंद्रों और सिलाई केंद्रों की छात्राओं की ओर से मनमोह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला सचिव अंबिका प्रसाद ने बताया कि इनमें गीत, नाटक, एक्शन ड्रामा के माध्यम से विभिन्न सामाजिक संदेश दिए गए। एचएयू के रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उद्यमी अशोक आहूजा विशिष्ट अतिथि रहे। सेवा भारती के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र मुख्य वक्ता रहे। प्राचार्य अनीता भंडारी, आशीष सर्राफ, डॉ. अंकुर कुमार, डॉ. सुदर्शन सोनी, डॉ. शिल्पा सराफ ने आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कमल, ब्रजलाल, भीमसेन बंसल, आरएल कामरा, रामअवतार जिंदल, प्रेम रहेजा, नरेंद्र वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## दयानंद महाविद्यालय और दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट में करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दयानंद महाविद्यालय एवं दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के मध्य शिक्षा, प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य तथा दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में आपसी सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ है। यह समझौता दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट की संस्थापिका संजू वर्मा की उपस्थिति एवं नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं ने शैक्षणिक गुणवत्ता को सामाजिक उत्तरदायित्वों से जोडऩे की सांझा प्रतिबद्धता व्यक्त की। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी के अकादमिक मार्गदर्शन में इस सहयोग के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, फील्ड वर्क, कौशल विकास, मनोवैज्ञानिक परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता तथा दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं समावेशी शिक्षा के क्षेत्रों में व्यावहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### गुजवि विद्यार्थी विवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में चयनित



अमन शर्मा।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से विवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के एक विद्यार्थी को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थी को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग के अमन शर्मा को 4.2 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक प्रिंटिंग के गुरमीत सिंह ने किया।

## आदमपुर के विकास के लिए 4 करोड़ 84 लाख के विकास कार्य मंजूर

- युवा नेता भव्य बिश्नोई ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भव्य बिश्नोई।

हरियाणा ग्रामीण विकास निधी (एचआरडीएफ) से संबंधित आदमपुर हलके के गांवों के कुल 4 करोड़ 84 लाख रूपए विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर के विकास के हमारे संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उनके व कुलदीप बिश्नोई के अनुरोध पर हलके के गांवों में एचआरडीएफ विभाग के कार्यों पर मंजूरी देने पर वे मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता भव्य बिश्नोई ने बताया कि गत 13 अगस्त 2025 को पत्र क्रमांक 0843 के माध्यम से हलके के गांवों के चौपाल, लाईब्रेरी, श्मशान भूमि, खेल ग्राउंड की चारदिवारी, चौपालों में कमरों के निर्माण, गलियां पक्की करने, आईबीपी से सडक़ निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों की सूची भेजकर इन कार्यों के लिए राशी मंजूरी करने की मांग की थी, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनहित से जुड़े इन कार्यों पर जल्द कार्य शुरू होगा।

## लंबित मांगों को लेकर बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की मीटिंग

**हिसार।** बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान को लेकर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक सीसवाल की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान नितिन चौधरी और संचालन कोषाध्यक्ष रिपु चोयल ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी संयोजक और सर्व कर्मचारी संघ के प्रैस प्रवक्ता नूर मोहमद की मौजूदगी में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों जैसे एनएचएम महिला बहुदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों के 2 माह से लंबित वेतन,नियमित कर्मचारियों की ब्लॉक वर्ष 2020- 2023 और 2024-2027 की एलटीसी, सीपी,एचबीपीएनसी,शिक्षा भत्ता और चिकित्सा भत्ता आदि मुद्दों पर चर्चा करने उपरांत सक्षम अधिकारी को अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की जिला उप प्रधान आमना, ब्लॉक उप प्रधान पूनम मांझू, सुमन जाखोद खेड़ा, सुनीता, स्नेहलता, विनोद कुमार, हरीश, हैल्थ इंस्पेक्टर देवी राम, कुलदीप सिंह, अमनदीप आदि मौजूद रहे।




## लुवास में अंतर-कक्षा लॉन टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

# लॉन टेनिस टूर्नामेंट में प्रिंस ने सचिन को 8-5 से हराया

*खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अंतर-कक्षा लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का संचालन छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता कर रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर सह-छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. देवेंद्र बिढान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. यशवंत सिंह एवं लॉन टेनिस खेल के अध्यक्ष डॉ. गौरव चराया भी उपस्थित रहे। इस अंतर-कक्षा लॉन टेनिस टूर्नामेंट में कुल 10 छात्र एवं 4 छात्राएं भाग ले रही हैं। छात्रों को दो समूहों (ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी) में विभाजित किया गया है।

### पहले दिन खेले गए लीग मैच

पहले दिन लीग मैचों की शुरुआत हुई, जिसमें कुल पांच मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में तृतीय वर्ष के प्रिंस ने सचिन को 8-5 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में चतुर्थ वर्ष के असीम ने यश को 8-6 से, आलोक ने पंकज को 8-1 से तथा द्वितीय वर्ष के शुभम ने चतुर्थ वर्ष के अभिनव को 9-7 से हराया। छात्रा वर्ग में एम.वी. एससी. की छात्रा डॉ. दिव्या एवं प्रार्थना के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें प्रार्थना ने 8-1 से विजय प्राप्त की। गुरुवार को दूसरे ग्रुप-ए के आठ मैच निर्धारित हैं, जिनके आधार पर ग्रुप-ए से दो सेमीफाइनलिस्ट चयनित किए जाएंगे। ग्रुप-बी के शेष लीग मुकाबले 19 दिसंबर को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का समापन 20 दिसंबर को फाइनल मुकाबलों के साथ होगा।